कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 02.01.2025

विषयः- विद्यालय से सीसीटीवी कैमरा चुराने के मामले में 02 नफर अभियुक्तगण थाना शिवपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, चोरी के 02 अदद सीसीटीवी कैमरे बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0- 02/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 का सफल अनावरण करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. अनिकेत कुमार पटेल पुत्र नन्दलाल पटेल निवासी अनौला टकटकपुर थाना कैण्ट जनपद वाराणसी 2. जय शर्मा पुत्र स्व० अक्षय शर्मा निवासी निर्मल बिहार कालोनी नवलपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक- 02.01.2025 को समय करीब 08.30 बजे विकास इन्टर कालेज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरण-

दिनांक 01.01.2025 को रात्रि में लगभग 01.30 बजे लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परमानन्दपुर शिवपुर कालेज की चहारदीवारी फांदकर कुल 04 अदद सीसीटीवी कैमरा चुरा ले जाने के सम्बन्ध में वादी मुकदमा द्वारा लिखित प्रा.पत्र दिया गया जिसके आधार पर थाना शिवपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ.नि. रवि कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है ।

विवरण पूछताछ-

पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताय कि कल जो लालबहादुर शास्त्री बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सीसीटीवी कैमरों की चोरी हुई थी, उन कैमरों को हम दोनों ने अपने 02 अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी किये थे, चारो के हिस्से में एक-एक कैमरा मिला था, आज हम दोनो अपने हिस्से के कैमरो को बेचने के लिए यहां पर खड़े थे कि आप लोगो ने हम दोनों को पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण-

चोरी के कुल 02 अदद सीसीटीवी कैमरा।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. अनिकेत कुमार पटेल पुत्र नन्दलाल पटेल निवासी अनौला टकटकपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

2. जय शर्मा पुत्र स्व० अक्षय शर्मा निवासी निर्मल बिहार कालोनी नवलपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी उम्र 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

विकास इन्टर कालेज के पास, दिनांक 02.01.2025 को समय 08.30 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0- 02/2025 धारा 303(2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 रवि कुमार, हे0का0 अजय सिंह, का0 अजीत कुमार गौड़ थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।